# University in News on 08 January 2024

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

## एलयू में इंटर हॉस्टल कम्पटीशन फेस्ट को लेकर बैठक



स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के नेतृत्व एवं संरक्षण में इंटर हॉस्टल कम्पटीशन फेस्ट-2024 का आयोजन 30 जनवरी से 7 फरवरी तक किया जा रहा है। इस आयोजन के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय, संरक्षक प्रति कुलपति प्रो.अरविंद अवस्थी, सह संरक्षक अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.संगीता साहू, समन्वयक चीफ़ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह तथा सह समन्वयक डॉ.राजेश्वर यादव एवं डॉ.अनुपमा श्रीवास्तव हैं। फेस्ट का उद्घाटन 30 जनवरी को हबीबुल्ला हॉस्टल में किया जाएगा तथा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 7 फरवरी को मालवीय सभागार में किया जाएगा। इस फेस्ट में आयोजित होने वाले सभी प्रतियोगिताओं को तीन वर्गों में विभाजित किया गया है। पहला साहित्यिक प्रतियोगिताएं जिसमें वाद-विवाद, क्विज़, जस्ट ए मिनट, पोस्टर, कविता पाठ शामिल हैं। दूसरा वर्ग सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का है जिसमें एकल एवं समूह नृत्य और गायन, नाटक, मुशायरा,रंगोली, अनुकरण, पाक कला शामिल हैं। तीसरा वर्ग स्पोर्ट्स का है जिसमें आउटडोर एवं इनडोर खेल शामिल हैं। मुख्य रूप से क्रिकेट, बैडमिण्टन, वालीबॉल, रस्साकसी, रिलेरेस, चेस, कैरम, टेबिल टेनिस आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस सभी प्रतियोगिताओं में लविवि के मुख्य परिसर एवं द्वितीय परिसर के सभी छात्रावासों में पुरुष एवं महिला अंतःवासी प्रतिभाग करेंगे। इस फेस्ट की कार्य नीति एवं योजना निर्धारण के लिए पूरे हॉस्टल टीम की एक बैठक कैलाश छात्रावास में आयोजित हुई जहां विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल संचालन के लिए विचार विमर्श किया गया। पिछले वर्ष भी इस तरह का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया था जिसमें सर्वश्रेष्ठ पुरुष छात्रावास हबीबुल्ला तथा सर्वश्रेष्ठ महिला छात्रावास का खिताब कैलाश हॉस्टल को मिला था।

**३० जनवरी से ७ फरवरी तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम**

## JAGRAN CITY PAGE III

## लवि : आज से पीजी की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत सोमवार से होगी। इसके लिए पांच जिलों में 104 परीक्षा केंद्र और 20 नोडल केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

सोमवार को पीजी परीक्षाओं में पहले दिन एम.बी.ए फाइनेंस प्रथम, तृतीय सेमेस्टर दोपहर दो से शाम पांच तक होगी। इसी तरह एम.ए, एम.एससी योग प्रथम सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा योग तीसरे सेमेस्टर सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक, एम.ए वूमेंस स्टडीज प्रथम सेमेस्टर, एम.ए प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान सहित कई पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी होंगी।

**छूटे विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा 17 को :** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक (नियमित एवं पुराने पाठ्यक्रम) वनस्पति विज्ञान विषय के छूटे छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा 17 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों को 12 जनवरी तक लवि में 500 रुपये प्रैक्टिकल फीस जमा करके उसकी रसीद के साथ अपनी संबंधित प्रयोगशाला में एक आवेदन पत्र देना होगा। विभाग के प्रमुख मुन्ना सिंह ने इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी किया है।

### मौखिक परीक्षा 12 को

लवि के एल.एल.बी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के तीसरे सेमेस्टर में इंटर्नशिप की मौखिक परीक्षा 12 जनवरी को सुबह 10 बजे से शुरू होगी। विधि संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर बीडी सिंह ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। छात्र-छात्राओं को निर्धारित यूनीफार्म में मौखिक परीक्षा में इंटर्नशिप फाइल के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।



## i-NEXT PAGE 5

## आज से पीजी की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं

**LUCKNOW :** लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत सोमवार से होगी. इसके लिए पांच जिलों में 104 परीक्षा केंद्र और 20 नोडल केंद्र बनाए गए हैं. परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है. सोमवार को पीजी परीक्षाओं में पहले दिन एमबीए फाइनेंस प्रथम, तृतीय सेमेस्टर दोपहर दो से शाम पांच तक होगी. इसी तरह एमए, एमएससी योग प्रथम सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा योग तीसरे सेमेस्टर सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक, एमए वूमेंस स्टडीज प्रथम सेमेस्टर, एमए प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान सहित कई पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी होंगी.

## एलएलबी की मौखिक परीक्षा 12 को

लखनऊ विश्वविद्यालय के एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के तीसरे सेमेस्टर में इंटर्नशिप की मौखिक परीक्षा 12 जनवरी को सुबह 10 बजे से शुरू होगी. विधि संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर बीडी सिंह ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. छात्र-छात्राओं को निर्धारित यूनीफार्म में मौखिक परीक्षा में इंटर्नशिप फाइल के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं.

## AMRIT VICHAR PAGE 4

## 12 को होगी एलएलबी की परीक्षा

**लखनऊ :** 12 जनवरी को एलएलबी की परीक्षा आयोजित होगी। लविवि के प्रो डॉ. बीडी सिंह ने बताया है कि तृतीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा का आयोजन होने जा रहा है। सुबह 10 बजे से आयोजित परीक्षा में विधि संकाय के छात्रों द्वारा इंटर्नशिप फाइलों को साथ में लाना अनिवार्य है। न्यू कैंपस में आयोजित परीक्षा के दौरान विवि के छात्र ड्रेस कोड में रहेंगे।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## एलएलबी त्रिवर्षीय का वाइवा 12 को

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएलबी थ्री इयर के छठे पेपर का वाइवा 12 जनवरी को होगा। लविवि प्रशासन ने इसका कार्यक्रम जारी कर दिया है। संकायाध्यक्ष ने सभी विद्यार्थियों को सुबह 10 बजे वाइवा के लिए पहुंचने को कहा है। (माई सिटी रिपोर्टर)